हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 22 जून 2025
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 योग के माध्यम से क्षमताओं को निखारे व जनसेवा में ...




09 एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर...



### योग अभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश के परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री

# शरीर और मन को स्वस्थ्य रखने के लिए योग करें: उदय प्रताप सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम समूचे नर्मदापुरम जिले में अपार उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं योग केंद्र पर तथा पर्यटन स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्कूली बच्चों एवं स्वयं सेवी संगठनों व योग संगठनों के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधि गण अपार उत्साह से शामिल हुए। जिला मुख्यालय में शासकीय नर्मदा कालेज में योग अभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, जिपं सीईओ सहित एनसीसी एवं एन एस एस के छात्र-छात्राएं, स्कूली बच्चों स्वयं सेवी संगठन एवं योग संगठनों के सदस्यों ने सामूहिक योग का अभ्यास किया।

**शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिले में अपार उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं योग केंद्र पर तथा पर्यटन स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए।**



### एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर किया योग

नर्मदापुरम जिले सहित प्रदेश में सभी जगह एक पृथ्वी एक स्वस्थ के लिए योग की थीम पर आधारित योग अभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें समाज के हर वर्ग के व्यक्तियों ने उत्साह पूर्वक शामिल होकर सामूहिक रूप से योग का अभ्यास किया और स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करने का संदेश दिया।

### इन आसनों का किया गया अभ्यास

योग दिवस के अवसर पर योग अभ्यास कार्यक्रम में खड़े होकर किए जाने वाले आसन ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन, पाद हस्तासन, त्रिकोणासन का अभ्यास किया गया। वहीं बैठकर किए जाने वाले आसन भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्टासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन का अभ्यास किया गया। इसके साथ ही उदर के बल लेट कर किए जाने वाले आसन मकरासन, भुजंगासन, शल भासन, का भी सामूहिक अभ्यास किया गया। पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन सेतु बंधासन, उत्तानपादासन, अर्द्ध हलासन, पवनमुक्तासन, श्वावासन का अभ्यास किया गया। साथ ही कपालभाति और चलन क्रियाएं शिथिली करण अभ्यास जिसमें ग्रीवा चालान, स्कंध संचालन, कटी चालान, घुटना संचालन आदि शामिल है इसका सामूहिक अभ्यास किया।

### निरोगी रहने के लिए करें योग: मंत्री

मंत्री राव ने कहा कि शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए हर व्यक्ति को योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जितना ज्यादा योग करेंगे हमारा मन उतना ही शांत रहेगा। मंत्री श्री राव ने कहा कि योग व्यक्ति घर में भी कर सकता है उसके लिए उसे बाहर जाने की भी आवश्यकता नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में सभी चीजें एआई के माध्यम से होगी। एआई तकनीक से हम आवश्यक सहयोग ले सकते हैं। योग अभ्यास कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी कहा कि भारत की पहचान योग से होती है। उन्होंने सभी को संदेश दिया कि वह प्रतिदिन योग करें। राज्य सभा सांसद माया नारोलिया ने कहा की योग करने से तन और मन स्वस्थ रहता है।

# कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं करेंगे: नारोलिया

### राज्य सभा सांसद ने गुणवत्ता पर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 (हाउसिंग बोर्ड) में चल रहे पाइप लाइन बिछाने के कार्यों का शनिवार को राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यों में लापरवाही और अनियमितताएं पाई गईं। सांसद ने पाइप लाइन कार्य की धीमी गति और गुणवत्ता में कमी पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार कम्पनी के इंजीनियर और निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिए कि कार्य को तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी कार्यों में आ रही समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। इस पर नारोलिया ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पाटले, इंजीनियर आरुषि रिछारिया, इंजीनियर दीक्षा तिवारी, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, पंजच पाण्डे सचिन तोमर धर्मेंद्र जाट अमित नायक सुन्दर अग्रवाल विशाल दीवान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एसपीएएम में उत्साह से मना योग दिवस



11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को प्रतिभूति कागज कारखाना में उत्साह से मनाया गया। जनसमर्क अधिकारी संजय भावसार ने बताया कि यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर अशेष अविनाशी, संयुक्त महाप्रबंधक रहे। मुख्य योगाचार्य राकेश चौहान एवं सहायक योगाचार्य सुश्री संध्या ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को योग के लाभ को बताते हुए योग प्रशिक्षण दिया। इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थी। वहीं योगाचार्य ने योग प्रशिक्षण के साथ ही प्रतिभागियों के मन की जिज्ञासा को भी प्रश्न एवं उत्तर सेशन में समाधान किया। योगाचार्य एवं मुख्य अतिथि को शाल, श्री फल से सम्मानित कर कृतज्ञता के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में सयुंक्त महाप्रबंधक एवं कार्यालय प्रमुख श्री जी कृष्ण मोहन, अरुण गुलिया, अखिलेश गुप्ता, शेखर मीना, सुभाष कुमार, धीरज सहगल, सौरभ भारद्वाज सहित बडी संख्या में अधिकारी, पर्यवेक्षक, मान्यता प्राप्त संघ के पदाधिकारी, वर्क्स कमेटी के सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्प्रिंगडेल्स के बच्चों ने किया योग



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उल्लास एवं अनुशासन के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम ३एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बल्कि पृथ्वी और समाज के समग्र कल्याण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और सूर्य नमस्कार से हुई, जिसके पश्चात प्रशिक्षित योगाचार्यों के निर्देशन में विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन आदि योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। विद्यालय के डायरेक्टर सुभाशीष चटर्जी ने अपने संदेश में कहा कि योग केवल शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शुद्धता की ओर एक यात्रा है। प्राचार्या मोना चटर्जी ने बताया कि विद्यालय में हम शिक्षा के साथ जीवन मूल्यों को भी महत्व देते हैं, और योग उनमें प्रमुख है। हमारे विद्यार्थी न सिर्फ़ शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक व भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनें यही हमारा उद्देश्य है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### नर्मदावैली इंटरनेशनल स्कूल में हुआ योग संगम



नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के सभी शिक्षकों ने प्रमाणित योग प्रशिक्षक अमित नथेला के निर्देशन में योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य और समस्त शिक्षकगणों द्वारा सामूहिक योग से हुई। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संबोधन भी सुना और उनके विचारों से प्रेरणा ली। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया। स्वस्थ शिक्षक, स्वस्थ समाज की नींव हैं। इस भावना के साथ योग संगम का समापन हुआ।

### मंत्री श्री सिंह ने पौधारोपण किया



**नर्मदापुरम।** 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के प्रांगण में सिंदूर के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि गणों ने पौधारोपण किया।

### केन्द्रीय जेल में हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अध्यक्ष के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को ए०डी०आर० सेंटर नर्मदापुरम एवं केन्द्रीय जेल खण्ड-अ एवं खण्ड-ब में विशेष योग एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा आयोजित योग शिविर में योगाचार्य नीरज दुबे, रघुवीर सिंह एवं कु. निक्की शुक्ला द्वारा न्यायाधीश एवं न्यायालयीन कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया गया। एडीआर सेंटर में विशेष योग एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

### सीवी रमन कालेज में हुआ योगाभ्यास

सी.वी.रमन कालेज आफ एजुकेशन,आई.टी.आई.में मनाया गया योग दिवस नर्मदापुरम/सी.वी.रमन कालेज आफ एजुकेशन,आई.टी.आई.नर्मदापुरम में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें बी एड स्टाफ आई.टी.आई. स्टाफ सहायक प्राध्यापक, प्रशिक्षकों के साथ छात्र छात्राओं ने विभिन्न योग आसन किये। छात्र छात्राओं ने योग दिवस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### वन स्टाप सेंटर मे मनाया गया योग दिवस

अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया सर और सहायक संचालक ही पी गौर सर के मार्गदर्शन में वन स्टाप सेटर नर्मदापुरम में योग दिवस मनाया गया। इसमें योग प्रशिक्षिका जया चौहान ने योग आसन से होने वाले लाभ की जानकारी दी तथा वन स्टाप सेंटर के कर्मचारियों तथा हितग्रहियों को योग आसन कराये। इस दौरान योग महिलाओं को रोजना ही योग करने और दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की बात कही।




### नराकास की अर्द्धवार्षिक बैठक का हुआ आयोजन 27 कार्यालय को दिया गया मार्गदर्शन




**नर्मदापुरम।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की नराकास बैठक के आयोजन के दृश्य, राजभाषा हिंदी की अभिवृद्धि के लिए आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में 27 कार्यालय प्रमुख को मार्गदर्शन दिया गया। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण मोहन, संयुक्त महाप्रबंधक मानव संसाधन की गई एवं मुख्य अतिथि का दायित्व नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक, गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग, भोपाल द्वारा वहन किया गया। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव संजय भावसार द्वारा नर्मदापुरम स्थित 27 केंद्रीय कार्यालय प्रमुखों से समन्वय कर राजभाषा हिंदी की प्रगति से गृह मंत्रालय के अधिकारी को अवगत कराया गया एवं उनके द्वारा सभी कार्यालयों की समीक्षा भी की गई।

### पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन




पं. रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में शनिवार को कालेज परिसर में प्राचार्य डॉक्टर प्रिंस जैन सर के निर्देशन में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की डिजिटल स्क्रीन पर महाविद्यालय प्राचार्य, प्राध्यापक गणों और विद्यार्थियों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना एवं देखा गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य , मानसिक एकाग्रता, और स्वस्थ जीवन शैली तथा योग के महत्व को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रिंस जैन सर के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई , जिसमें उन्होंने सूर्य नमस्कार को दैनिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### स्वस्थ जीवन, शांत मन व निरोगी शरीर के लिए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं: विजयपाल



शनिवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के अवसर पर मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली में आयोजित ३योग संगम३ कार्यक्रम में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने योगाभ्यास किया। विधायक विजयपाल सिंह ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि मनुष्य को स्वस्थ जीवन, शांत मन एवं निरोगी शरीर के लिए योग को दिनचर्या का अटूट हिस्सा बनाएं रखना बहुत आवश्यक है। विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि पीएम ने विश्व कल्याण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग की अलख जगाकर विश्व बंधुत्व की भावना को प्रबल बनाया है। विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि अत्यंत आवश्यक पारिवारिक कार्य में शामिल होने के कारण मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली में आयोजित योग संगम कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने प्रदेशवासियों और जिले वासियों एवं योग साधकों को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई दी।

### मां नर्मदा सहायोग संस्था के सदस्यों ने किया प्राणायाम और सूर्यनमस्कार कर योग



विश्व योग दिवस के अवसर पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के सदस्य एवं माँ नर्मदा सहयोग संस्था के सदस्यों ने प्राणायाम एंव सूर्य नमस्कार कर योग किया। संस्था की अध्यक्ष नीरजा फौजदार ने कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न भाग है। इसलिए हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए हर दिन योग करना ही चाहिये, ताकि हम स्वस्थ जीवन जी सकें और अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल कर सकें। कार्यक्रम का आयोजन मीनाक्षी परिसर में किया गया। जिसमें संस्था के संरक्षक डॉ. गोपाल प्रसाद खड्डर अध्यक्ष एवं "एक पेड़ माँ के नाम की प्रभारी" नीरजा फौजदार, रामगोपाल चौबे एन सी जैन, मनीष गुप्ता आर एल चौहान, अशोक श्रीवास्तव, कमल झा, जॉन आजाद, जयंती जैन, विधायक प्रतिनिधि वंदना शर्मा, सुषमा गुप्ता, भारती शर्मा, आशा बाजपेयी, उषा गुप्ता, अनीता आर एल जैन, अनामिका वर्मा, रानी अरोरा, सिमरन अरोरा आदि शामिल हुए।

# भगवान हुए स्वस्थ, सूचना पाकर ठाकुर राजा प्रसन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम। महास्नान के बाद अस्वस्थ हुए भगवान जगन्नाथ शनिवार को स्वस्थ हो गए। यह सूचना लेकर भगवान के सेवक यानी दयितपति प्रभु की जय जयकार करते हुए शनिवार दोपहर ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा के पास पहुंचे। पहले तो ठाकुर राजा ने दयितपतियों से यह कहकर मिलने से मना कर दिया कि प्रभु के अस्वस्थ होने के कारण वे दुखी हैं। जब उन्हें यह जानकारी दी गई कि सेवक प्रभु के स्वस्थ होने का शुभ समाचार लेकर ही आए हैं तो चारों ओर प्रसन्नता का वातावरण बन गया। ठाकुर राजा ने प्रसन्न होकर सभी का सम्मान किया और उन्हें उपहार और पुरस्कार भी दिए।

इस सम्बन्ध में मंदिर क्योंकि अर्चक बाबाजी प्रसाद दास ने बताया कि अब अभगवन 26 जून को नवयौवन दर्शन देंगे। उसके बाद 27 जून को रथ यात्रा का आयोजन होगा। इसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर के सभी आयोजन ओडिशा के पूरी मंदिर के अनुसार ही किए जा रहे हैं।

### आरोग्य भारती ने मनाया योग दिवस



आरोग्य भारती के द्वारा 11 वें विश्व योग दिवस के अवसर पर के नर्मदा अपना अस्पताल प्रांगण में स्थित तपोवन में योग संगम का आयोजन किया गया जिसमें योग करने आये सुधिजनो, विद्यार्थियों व मातृशक्ति ने योगाभ्यास किया। योग के माध्यम से विभिन्न रोगों का उपचार कैसे किया जा सकता है इस पर विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि डॉ अतुल सेठा ने कहा कि हमे योग की महत्ता को समझना होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख डॉ अतुल सेठा , आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष डॉ एस एस मोटवानी , नर्मदा इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग साइंस की प्रिंसिपल डॉ स्नेहा गावंडे , आरोग्य भारती के जिला सचिव योगाचार्य राकेश चौहान , योगाचार्य संध्या चौहान, विवेक वर्मा, आशुतोष दुबे, मोनिका राजपूत,भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील राठौर , डॉ योगेश वर्मा , संतोष नौरिया,गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी से सुरेंदर सिंह ,सहित बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स, महिलाएं व वृद्धजन उपस्थित रहे।

### विशेष बच्चों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



शनिवार को भोपाल तिराहा रसूलिया स्थित सहयोग विशेष आवासीय विद्यालय (दृष्टिबाधितार्थ) मे 11 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दृष्टिबाधित बच्चों ने योग किया। बच्चों को योग के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि योग करने से शरीर एवं दिमाग दोनों स्वस्थ रहते हैं। प्रतिदिन प्रातः योग करने से पूरे दिन शरीर में स्फूर्ति बनी रहती हैं एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ भी दूर होती हैं। योग सभी उम्र के व्यक्ति के लिए फायदेमंद हैं योगा करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता हैं, योग का इतिहास व जीवन में उसकी उपयोगिता पर चर्चा की। विद्यालय की शिक्षिका आरती राय ने बच्चों से योगा करवाया व अन्य शिक्षक व स्टाफ़ उपस्थित रहे। इस दौरान योग शिक्षक द्वारा बच्चों को दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए जागरूक किया।

## खबर संक्षेप

### जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त करने पर आदि जैन का सम्मान



**शाहपुर।** जेईई एडवांस आईआईटी में प्रथम प्रयास में सफलता हासिल कर शाहपुर को गौरवान्वित करने वाले आदि जैन का सम्मान किया गया। योग दिवस के अवसर पर नगर परिषद शाहपुर में आदि जैन को तिलक लगाकर शाल श्रीफल से सम्मानित किया और उनकी सफलता पर उन्हें बधाई दी। आदि कुमार महावीर मेडिकल शाहपुर के संचालक आलोक कुमार जैन और माता श्रीमती स्मिता जैन शिक्षिका के पुत्र हैं। आदि जैन ने बताया कि उन्हें जीवन में कुछ ना कुछ अपने और अपने समाज और अपने देश के लिए अच्छा करने की इच्छा है।

### रेलवे ट्रैक के पास पेड़ से लटका मिला शव

**बैतूल।** जिले के ग्राम परसोडी बुजुर्ग में शनिवार को एक पेड़ से लटका करीब 10 दिन पुराना शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव रेलवे लाइन के पास एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही बैतूल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा बनाया गया। इसके बाद शव को बैतूल जिला अस्पताल भिजवाया गया। फिलहाल शव को फ्रीजर में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष के आसपास है। उसने आसमानी रंग की शर्ट और नीली जींस पहन रखी थी। टीआई अंजना धुर्वे ने बताया, शव की हालत देखकर लगता है कि मौत करीब 10 दिन पहले हुई है। मृतक की पहचान के लिए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सूचना भेजी गई है। फिलहाल यह साफ नहीं है कि मामला आत्महत्या का है या किसी अन्य वजह से युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पहचान की पुष्टि के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खेत विवाद में घायल किसान की मौत

**बैतूल।** मुलताई में खेत विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी पहचान ग्राम सरई निवासी 55 वर्षीय झनीराम उइके के रूप में हुई है। एक महीने पहले झनीराम अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान उनका पड़ोसी संतोष पवार वहां आया। पुराने विवाद को लेकर संतोष ने झनीराम पर लकड़ी से हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण झनीराम को पहले मुलताई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया। हालत नाजुक होने पर उन्हें भोपाल भी ले जाया गया। कुछ दिनों के इलाज के बाद वे घर लौटे। लेकिन तबीयत फिर बिगडऩे पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार सुबह लगभग 8 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मुलताई पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मारपीट की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यशाला का शुभारंभ

**बैतूल।** विकास खंड बैतूल में 20 जून को श्री विनायक स्कूल बैतूल में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्धघाटन डीपीसी जितेन्द्र कुमार भनारिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यशाला में संकुल सह-समन्वयक, जनशिक्षक, नोडल अधिकारी प्रधान पाठक/शाला प्रभारी शामिल हुए। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार कार्यशाला में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सर्वेक्षण, प्रचार प्रसार, अक्षरसाथी का चयन, परीक्षा पूर्व की तैयारी, मूल्यांकन और मॉडल सामाजिक चेतना केन्द्र से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में जिले से सहायक परियोजना समन्वयक राजेश तुरिया, जिला सह-समन्वयक कुशलेश धाड़से, बीआरसी बैतूल दुर्गेश रघुवंशी, विनायकम स्कूल के प्राचार्य श्याम साहू, बैतूल विकास खंड के बीएसी नवीन वरवड़े, हेमराज पाटिल आदि रहे मौजूद।

### 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के विभिन्न संस्थाओं में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

# योग के माध्यम से क्षमताओं को निखारे व जनसेवा में सहभागी बनें: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिले में उत्साहपूर्वक मनाया गया। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों, महाविद्यालय एवं संस्थानों में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम जेएच कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल शामिल हुए। इस दौरान बाल संरक्षण आयोग के सदस्य अनुराग पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष बैतूल श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, सुधाकर पवार, अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गौतम अधिकारी एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ योगेश चौकीकर, आयुष विभाग के अधिकारी और स्कूली बच्चे उपस्थित रहें। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया और सभी ने मुख्यमंत्री डॉ यादव के उद्बोधन का श्रवण किया। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि सभी योग को अनिवार्य रूप से अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति न केवल समाज के कल्याण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है बल्कि स्वयं का उत्थान कर सफलता के शिखर पर पहुंचता है। उन्होंने कहा कि पहले योग को केवल भारतीय परंपरा माना जाता था। लेकिन देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है और बाबा रामदेव ने योग को जनसामान्य तक पहुंचाया है। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी और योग को अपने जीवन में शामिल कर क्षमताओं को विकास कर जनहित में कार्य करने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित अतिथियों, स्कूली बच्चों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। प्रशिक्षकों ने अनुलोम विलोम,ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, अर्द्ध चक्रासन, और प्राणायाम जैसे विभिन्न योग आसनों का अभ्यास करवाया। प्रत्येक आसन के साथ प्रशिक्षकों ने उसके शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी भी दी। आसनों के अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने एकाग्रता, संतुलन और अनुशासन का अनुभव किया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल योगाभ्यास कराना ही नहीं था, बल्कि प्रतिभागियों को योग की जीवनशैली के रूप में महत्ता समझाना भी था। वातावरण शांति और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण था, जिससे सभी उपस्थित जनों ने मानसिक शांति और शारीरिक स्फूर्ति का अनुभव किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी,

## ताप्ती सरोवर और गायत्री मंदिर परिसर में हुआ योग



**मुलताई।** मां ताप्ती की नगरी मुलताई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गायत्री मंदिर परिसर, ताप्ती सरोवर के घाट पर विभिन्न संगठनों के सैकड़ों लोगों के साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नपा अध्यक्ष वर्षा गढेकर ने सैकड़ों की संख्या में समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से योग किया। भाजपा मीडिया संयोजक रामचरण मालवीय ने योग कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गायत्री मंदिर परिसर एवं ताप्ती घाट पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर कार्यवाहक आशीष शर्मा, नगर संघ चालक जयश संघवी, गायत्री परिवार की मुख्य ट्रस्टी यादवराव निंबालकर ने ताप्ती तट पर प्रातः होते ही अनेक पदाधिकारी के साथ योग अभ्यास किया और योग के प्रकार और उनके लाभ के संबंध में जानकारी दी। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पंकज जोशी ने गायत्री मंदिर पहुंचकर मां गायत्री एवं परम पूज्य गुरुदेव एवं माताजी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। योग दिवस पर संबोधन में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी ने कहा कि मां ताप्ती उद्गम श्री क्षेत्र स्थल आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र है।

### मुलताई सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मनाया योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के शास्त्री वार्ड के आंगन बाड़ी केंद्र में प्रभारी परियोजना अधिकारी गीता मालवीय की उपस्थिति में गायत्री परिवार के सदस्य नारायण राव देशमुख के मार्ग दर्शन में सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने योग किया। गीता मालवीय द्वारा योग के महत्व की विस्तार से जानकारी दी एवम नारायण राव देशमुख ने योग को अपने जीवन में उतारने की समझाइश देते हुए कहा कि योग के माध्यम से हम स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं।कार्यक्रम में परियोजना प्रभारी अधिकारी गीता मालवीय, रजनी परिहार एवं मुलताई सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

# मालगाड़ी की चपेट में आया होमगार्ड सैनिक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



बगडोना निवासी होमगार्ड सैनिक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना थानांतर्गत के कालीमाई मंदिर के पास रात करीब 11.30 बजे की है। पुलिस के मुताबिक राधेश्याम अमरूते होमगार्ड ऑफिस बैतूल में पदस्थ था। बगडोना निवासी होने के चलते पाथाखेड़ा, शोभापुर आना-जाना करता था। शुक्रवार रात संभवतः वह मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा और मर्ग की कायमी कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। राधेश्याम के दोनों पैर कमर के नीचे से कट गए हैं। जबकि शव रेलवे ट्रेक पर पड़ा था। बताया जा रहा है कि राधेश्याम और उसका छोटा भाई होमगार्ड सैनिक थे। दोनों ने सैनिक की नौकरी करते हुए वन विभाग की परीक्षा दी। लेकिन छोटा भाई सफल हो गया। वहीं राधेश्याम का चयन वन विभाग में नहीं हुआ था। शुक्रवार रात वह घर से पाथाखेड़ा जाने का कहकर निकला था। घटना के बाद से शनिवार अलसुबह तक शव रेलवे ट्रेक पर ही पड़ा रहा।

#### मामले की जांच कर रहे हैं

होमगार्ड सैनिक का शव कालीमाई में रेलवे ट्रेक पर मिला है। संभवत: नशे की हालत में ट्रेन की चपेट में आया है। पोस्टमार्टम कराकर मामले को जांच में लिया है।

-**जयपाल इवनाती,** थाना प्रभारी सारनी।

# ऑटो पार्ट्स दुकान में निकला सांप

### सर्प मित्र ने पकड़कर जंगल में छोड़ा



**भौरा।** शनिवार सुबह नगर में उस समय हडक़ंप मच गया जब बीजादेही रोड स्थित माधव ऑटो पार्ट्स की दुकान में एक जहरीला सांप दिखाई दिया। दुकान संचालक दिलीप माधव ने जानकारी देते हुए बताया कि वह रोज की तरह सुबह दुकान खोलकर सामान व्यवस्थित कर रहे थे, तभी उन्हें एक बॉक्स के पीछे कुछ हलचल महसूस हुई। जब उन्होंने सावधानीपूर्वक बॉक्स हटाया, तो उन्हें एक सांप की पूंछ नजर आई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दिलीप माधव ने तत्काल सर्प मित्र देवेंद्र उईके को सूचना दी। कोयलारी ग्राम निवासी देवेंद्र उईके पिछले दो वर्षों से सर्प मित्र के रूप में सक्रिय हैं और क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाओं में विशेषज्ञता रखते हैं। घटना के लगभग 5 मिनट के भीतर देवेंद्र मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए मात्र 5 मिनट की मशक्कत में ही सांप को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। इसके बाद सांप को जंगल में छोड़ दिया गया, ताकि उसे कोई नुकसान न पहुंचे और मानव जीवन भी सुरक्षित रहे। सर्प मित्र देवेंद्र उईके ने बताया कि आमतौर पर बारिश के मौसम में सांप घरों, दुकानों या गाड़ियों में शरण ले लेते हैं।

### सिलेंडर के साथ एक संदिग्ध पकड़ा

# चौपाटी की 7 दुकानों में चोरी नगदी और सामान चोरी




**बैतूल।** गंज के पास स्थित चौपाटी पर चोरों ने सात दुकानों के ताले तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर चार दुकानों से नगदी, सामान और गैस सिलेंडर चुराकर ले गए। तीन दुकानों से कुछ नहीं चुरा पाए। दो चाइनीज खाद्य की दुकानों से नगदी और एक दुकान से 8 हजार रुपए कीमत का सामान चोरी हुआ। दुकानदारों को पुलिस परेड ग्राउंड की बाउंड्री में एक लोहे की रॉड मिली। आशंका है कि इसी रॉड से चोरों ने दुकानों के ताले तोड़े होंगे। इस घटना में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब दुकानदारों ने एक वृद्ध को बोरी में गैस सिलेंडर ले जाते पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि सिलेंडर श्रीनाथ पाव भाजी शॉप का था। वृद्ध ने बताया कि कारगिल चौक पर खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे 30 रुपए मजदूरी देने का वादा कर सिलेंडर लाने को कहा था। दुकानदारों का मानना है कि कोई गैंग रैन बसेरे में रहने वाले जरूरतमंद मजदूरों का इस्तेमाल चोरी के लिए कर रहा है। पकड़े गए व्यक्ति को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। गंज थाना टीआई अरविंद कुमरे के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ चल रही है।

# विधायक ने किया लोक सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण



**शाहपुर।** घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने शनिवार लोक सेवा केंद्र शाहपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए लोक सेवा केंद्र के संचालनकर्ता को निर्देश दिए। विधायिका ने संचालन से फोन पर बातचीत करते हुए समझाइस दी कि वे ग्रामीण लोगों का कार्य प्राथमिकता से करें और उन्हें लोक सेवा केंद्र के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को समय से बुलाया जाए और उनका काम समय पर किया जाए। विधायक उईके ने कहा कि वे हमेशा ग्रामीणों का साथ देना और उनकी परेशानी को दूर करना अपना प्रथम कर्तव्य मानती हैं। इस दौरान विधायक ने निर्देश दिये कि ग्रामीणों का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। ग्रामीणों को समय से बुलाया जाए और उनका काम समय पर किया जाए। निर्धारित शुल्क ही लिया जाए, अधिक राशि न ली जाए।

# जन परिषद स्थापना दिवस समारोह का आयोजन, विधायक भी हुईं शामिल

### दुबई की इंटरनेशनल मॉडल विद्या जोशी रहीं मुख्य आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा



जन परिषद भौरा चैप्टर का स्थापना दिवस समारोह शनिवार को नगर के पटेल वार्ड स्थित अग्निहोत्री निवास परिसर के रिद्धि-सिद्धि गणेश मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दुबई की अंतराष्ट्रीय स्तर की मॉडल और बी यूनिक इंटरनेशनल मिसेज दुबई, मोस्ट पॉपुलर फेस ऑफ अबू धाबी एवं चर्चित एक्ट्रेस विद्या जोशी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनकी उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके भी शामिल हुईं। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्या जोशी की सादगी और सरलता की सराहना करते हुए कहा कि दुबई जैसे बड़े मंच से आईं मॉडल विद्या जोशी की आत्मीयता और गरिमामयी व्यवहार भौरा जैसे छोटे नगर के लिए एक मिसाल है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि लोकप्रियता और संस्कृति दोनों साथ चल सकते हैं।

कार्यक्रम में जन परिषद के राष्ट्रीय संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव भी मंचासीन रहे। उन्होंने इस अवसर पर भावुक होकर जन परिषद की स्थापना का स्मरण करते हुए कहा, बैतूल जिले से ही जन परिषद की परिकल्पना की थी। सामाजिक जागरूकता, मूल्यों का संरक्षण और ग्रामीण नेतृत्व को मंच देने की सोच लेकर यह यात्रा शुरू की थी। आज भौरा चैप्टर के इस भव्य आयोजन को देखकर लगता है कि यह सपना साकार हो रहा है। जन परिषद भौरा चैप्टर के अध्यक्ष कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि विद्या जोशी भौरा आने वाली दूसरी अंतरराष्ट्रीय मॉडल हैं। इससे पूर्व मॉडल हेमा बेजल भी भौरा आ चुकी हैं। उन्होंने नागरिकों से भौरा की संस्कृति और परंपरा के अनुरूप अतिथियों के स्वागत में सहभागी बनने की अपील की। इस अवसर पर जन परिषद के प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव, जय किशोर मिश्रा, पत्रकार संजय जगताप, सुनील राठौर, आशीष राठौर, राजकमल गुप्ता, नवील वर्मा रामदास पवार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

#### कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक मूल्यों को संरक्षण देना

*समारोह का मुख्य उद्देश्य जनजागरूकता, नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक मूल्यों के संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। आयोजन समिति ने कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिसमें भौरा नगर के सैकड़ों नागरिकों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में विद्या जोशी ने भी उपस्थितजनों के प्रति आभार जताया और कहा कि भौरा की मिट्टी, लोग और संस्कृति में अपनापन है, जिसने मुझे बहुत प्रभावित किया। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव रहा, बल्कि भौरा के सामाजिक परिदृश्य में एक प्रेरणादायी अध्याय के रूप में दर्ज हुआ।*

# दुबई की इंटरनेशनल मॉडल विद्या जोशी का बैतूल में भव्य स्वागत

**बैतूल।** जन परिषद के स्थापना दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दुबई की इंटरनेशनल मॉडल, बी यूनिक इंटरनेशनल मिसेज यूनिवर्स, मोस्ट पॉपुलर फेस ऑफ अबू धाबी एवं रनवे मॉडल व एक्ट्रेस सुश्री विद्या जोशी पटेल, जनपरिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव के साथ अलसुबह बैतूल के पुलिस ग्राउंड पहुंची। जहां उन्होंने जनपरिषद बैतूल चैप्टर के सदस्य वयोवृद्ध 93 वर्षीय लक्ष्मण राव घोड़के के साथ कदम ताल मिलाते हुए तेज कदमों के साथ मॉर्निंग वॉक एवं योगाभ्यास किया। इस दौरान जनपरिषद बैतूल चैप्टर के सदस्यगण अध्यक्ष विजय दीक्षित, समाजसेवी अरूण किलेदार, जन परिषद के मीडिया प्रभारी एवं वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी, लोणारी कुनबी समाज के अध्यक्ष मुन्ना मानकर, लायंस क्लब बैतूल के अध्यक्ष बीआर कुबड़े, समाजसेवी कृष्णा वागद्रे, संजय लोखंडे, ज्ञान सिंह चौहान, प्रकाश आदि रहे मौजूद।



# कीचड़ भरे मार्ग पर चलने को मजबूर कृष्णपुरा-अंबेडकर वार्ड के रहवासी

### पहली ही बारिश में कीचड़ में तब्दील हुआ मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल मुख्यालय के कृष्णपुरा वार्ड से लेकर अम्बेडकर वार्ड को जोडऩे वाली सडक़ की हालत अत्यंत खस्ताहाल हो गई है, जिससे रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि हाल ही में हुई आधे घंटे की बारिश के दौरान सडक़ पर मलबा और पानी भरने से रास्ता पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। लोग गिरने और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, लेकिन इस ओर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वार्ड में सीसी रोड का निर्माण किए जाने के लिए पिछले कई वर्षों से नगरपालिका सीएमओ, जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वार्डवासियों ने बताया कि एक माह पूर्व वार्ड में नल पाइपलाइन के लिए सडक़ की खुदाई की गई थी। नल पाइपलाइन की खुदाई के बाद रोड का हाल और खराब हो गया है। वर्तमान बारिश के मौसम में यहां की सडक़ पूरी तरह से जलमग्न हो जाती है, जिससे रास्ते में मलबा भर जाता है और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वार्ड वासियों को आवागमन कीचड़ भरे रास्ते से ही करना पड़ रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद आज तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे उनका धैर्य जवाब दे चुका है। वार्डवासियों ने नपा सीएमओ और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द सीसी रोड बनाने की मांग की है।

### भोजन की भी देखी गुणवत्ता

# मप्र बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ने आंगनबाडी केंद्र का किया निरीक्षण




**बैतूल।** मध्य प्रदेश बाल संरक्षण आयोग के सदस्य अनुराग पांडे ने शनिवार को आंगनवाडी केंद्र टिगरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति का जायजा लिया और केंद्र में दी जा रही सेवाओं का मूल्यांकन किया। बच्चों का वजन लेकर उसका क्रॉस चेक किया गया, ताकि उनकी पोषण स्थिति का सही आकलन किया जा सके। बच्चों द्वारा इस अवसर पर बालगीत भी प्रस्तुत किए गए। मध्य प्रदेश पाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्री पांडे ने आंगनवाडी कार्यकर्ता गीता गंगारे से बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ली। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को केंद्र में एक उदिता कार्नर बनाने के निर्देश दिए, जिससे बच्चों के लिए एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार किया जा सके। मप्र बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्री पांडे ने केंद्र में लगाए गए पोषण वाटिका का भी अवलोकन किया। इसके बाद केंद्र में प्रदाय किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और किचन शेड का जायजा लिया गया। साथ ही प्राथमिक शाला का निरीक्षण भी किया गया, जहां बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी दी गई।

### योग दिवस पर सामूहिक योग

# मंगल भवन में पीएम-सीएम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी 36 वार्डों में वार्ड स्तर पर कार्यक्रम हुए। वहीं प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया गया। मुख्य कार्यक्रम मंगल भवन सारनी में हुआ। यहां सुबह 6.30 बजे से भोपाल में आयोजित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इसके तुरंत बाद विशाखापट्टनम में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इसके बाद सभी ने सीधा प्रसारण के माध्यम से दिए गए निर्देशों के अनुसार योगासन किए गए। सभी ने सामूहिक रूप से योगासन किया। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया। यही कारण है कि विगत 11 वर्षों से पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र के सभी 36 वार्डों में वार्ड स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## नप में हुआ योगभ्यास का आयोजन

**सोहागपुर।** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार की सुबह योग अभ्यास नप अटल उद्यान मंगल भवन परिसर में किया गया। नप राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने बताया कि रविवार प्रातः छह बजे शुरू हुए कार्यक्रम में एसडीएम अनिल जैन, तहसीलदार आर झरबड़े, जपं सीईओ एसके अग्रवाल, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, पार्षद, नपकर्मी, शिक्षकों व विद्यार्थियों को रामकिशोर दुबे व आरएन सिंह ने योग अभ्यास कराया।

## योग दिवस पर सामूहिक योग का हुआ आयोजन

**माखन नगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अंबेडकर भवन में योग का सामूहिक आयोजन किया गया जिसमें पतंजलि योगपीठ के प्रशिक्षित साधकों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न प्रकार के योग की क्रिया कराई उपस्थित लोगों ने प्राणायाम सूर्य नमस्कार एवं योग की अन्य क्रियाएं की विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण देखा।

### नप सफाईकर्मियों की हड़ताल शुरू, कर्मी बोले...

# जब तक समाधान नहीं, तब तक काम नहीं, जनप्रतिनिधियों ने मांगा समय

वेतन समस्या को लेकर सोहागपुर में नप सफाईकर्मियों ने हड़ताल शुरू कर दी है। इससे शहर की सफाई व्यवस्था ठप्प पड़ गई। वहीं जनप्रतिनिधियों ने समाधान हेतु सोमवार तक का समय मांगा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

वेतन समस्या को लेकर सोहागपुर में नप सफाईकर्मियों द्वारा की गई हड़ताल से सफाई व्यवस्था ठप है। कचरे के ढेरों से शहरवासी परेशान हैं। मामले में शनिवार को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने सफाईकर्मियों को समझाने का प्रयास किया। हड़तालियों से जनप्रतिनिधियों ने सोमवार तक का समय मांग काम पर वापसी का आग्रह किया। लेकिन हड़ताली पीछे नहीं हटे व उन्होंने कहा कि काम तब शुरू होगा, जब समस्या का समाधान होगा। देखना होगा कि सोमवार तक जनप्रतिनिधि समस्या समाधान के लिए कौन सी जादू की छड़ी लाते व चलाते हैं।

### कर्मचारियों ने लगाए आरोप

हड़ताली कर्मियों ने सफाई शाखा प्रभारी व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पर आरोप लगाया है। कर्मचारियों के अनुसार उनसे अभद्रता की जाती है व जातिसूचक शब्द बोले जाते हैं। कर्मचारियों के अनुसार कुछ जनप्रतिनिधि व सफाई शाखा वाले अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर दुर्व्यवहार भी करते हैं। कर्मचारी सोमवार को कलेक्टर के समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत करेंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार सुबह नप द्वारा कचरा संग्रह वाहन शहर में भेजे जा रहे थे तो हड़ताली कर्मी वाहनों के सामने बैठ गए और उन्होंने वाहनों को आगे नहीं बढ़ने दिया।

## अस्पताल के मुख्य द्वार पर फैली गंदगी और कीचड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के इन दोनों बेहद खराब हाल चल रहे हैं जगह-जगह कीचड़ मचा हुआ है एवं गंदगी फैली हुई है अस्पताल में अमूमन लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए आते है। लेकिन यहां गंदगी और कीचड़ के कारण लोगों के और बीमार होने की आशंका बनी रहती है। जब गंदगी और कीचड़ का कारण जानने की कोशिश की तो पता लगा अस्पताल के भवन का निर्माण चल रहा है लगातार लोडिंग अनलोडिंग के भारी वाहन और मशीन आते जाते हैं जिससे यहां कीचड़ और गंदगी फैल रही है लगभग 4 साल से निर्माण कार्य किया जा रहा है निर्माण की गति धीमी है। कई बार भवन की तोड़फोड़ करके कार्य किया जा रहा है यह कार्य कब पूर्ण होगा यह कोई नहीं बता पा रहा है इस संबंध में बीएमओ डॉक्टर कल्याणी यादव से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि ठेकेदार को कहा गया है निर्माण कर शीघ्र पूर्ण करें एवं जो परिसर में कीचड़ हो रहा है इस पर मुरम डालकर दूर किया जाए।

## जीवित व्यक्ति को मृत बताने तथा धोखाधड़ी करने के दोषी को 7 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्राम पंचायत पिसुआ में निवासरत सुपाल सिंह पिता फक्कड़ सिंह की शिकायत पर जिला कलेक्टर के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश जारी कर 10 लोगों के खिलाफ वर्ष 2023 में कराई गई थी एफआईआर वर्ष 2025 में आरोपियों के खिलाफ आया फैसला। अपर लोक अभियोजक रविंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि दिनांक 6 दिसंबर 2021 को तहसील कार्यालय पिपरिया में सुपाल सिंह पिता फक्कड़ सिंह की भूमि कुल रकवा 3.4 हेक्टेयर पर फर्जी रूप से सुपाल सिंह की मृत्यु होना बताकर स्वयं को सुपाल सिंह का भाषण होना बताकर फर्जी कूट रचित दस्तावेजों के आधार के साथ मिली भगत कर नामांतरण कराकर अन्य लोगों को उक्त भूमि विक्रय करने का लाभ प्राप्त करने का मामला सामने आया था। जिसके आधार पर जांच उपरांत नायक तहसीलदार को प्रथम सूचना रिपोर्ट करने हेतु आदेशित किया था तब मामला धोखाधड़ी फर्जी कूट रचित दस्तावेज संबंधित विभिन्न धाराओं में थाना स्टेशन रोड पिपरिया में मामला पंजीबद्ध हुआ था आरोपी गण में शिवपाल सिंह पिता फक्कड़ सिंह को मृतक बढ़कर स्वयं उसके बरसन बनाकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि विक्रय कर दी थी।

प्रकरण में मुख्य आरोपी प्रीतम भरिया एवं अन्य नौ लोगों को आरोपी बनाया गया था जिसमें धारा 420 467 467 471 120 भी में आरोपी प्रीतम भरिया गोरी बाई मुख्य आरोपीचे तथा अन्य सहयोगी आरोपियन बड़ी बाई सुखवाती बाई शकुंवाई हेमलता बाई अरविंद पाराशर ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप मेहरा गोकल प्रसाद एवं प्रवीण मेहरा पटवारी शामिल थे प्रवीण मेहरा पटवारी की मृत्यु हो चुकी है।

द्वितीय अपर सत्र न्यायालय न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी के द्वारा अपराध क्रमांक 361 वर्ष 2023 में अपना फैसला सुनाते हुए विभिन्न धाराओं में अलग-अलग तीन वर्ष साथ वर्ष तीन वर्ष 6 मा एवं रू2500 जुर्मान की सजा सुनाई सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

## बुजुर्ग को धक्का मार गिराया और 50 हजार रुपए छीनकर भागा लुटेरा

**सोहागपुर।** सोहागपुर में दिनदहाड़े एक बुजुर्ग के साथ लूट की घटना हो गई है। जिसमें एक अज्ञात लुटेरे ने बुजुर्ग को धक्का मारकर गिराया। फिर 50000 छीनकर भाग गया है। मामले में पुलिस प्रकरण दर्ज कराया गया है। घटना शुक्रवार 20 जून 2025 दोपहर की है। जिसमें फरियादी लगभग 85 वर्षीय लक्ष्मी प्रसाद दुबे पुत्र मिहीलाल दुबे निवासी रामप्रसाद वार्ड सोहागपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में फरियादी ने उल्लेख किया है कि वह 20 जून 2025 को दोपहर लगभग 12 बजे सोहागपुर एसबीआई शाखा में अपने खाते से 50 हजार रुपए आहरित किए। 500-500 रुपए की गड्डी उन्होंने अपनी पेंट की जेब में रखी तथा पैदल घर जाने लगे। दुबे दोपहर 12:30 बजे रेलवे कॉलोनी व पोस्ट ऑफिस के पीछे स्थित सड़क पर पहुंचे तो अज्ञात व्यक्ति ने पीछे पेंट की जेब पर झपट्टा मारा और 50 हजार रुपए निकालकर भाग गया। बुजुर्ग लक्ष्मी प्रसाद दुबे ने घटना रोकने के लिए जोर लगाया, लेकिन अज्ञात चोर ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया तथा जेब से राशि लेक लेकर भाग गया। घटना की सूचना फरियादी ने पुत्र वीरेंद्र दुबे को दी। तथा दोनों ने सोहागपुर पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित लक्ष्मी प्रसाद दुबे के पुत्र वीरेंद्र दुबे ने बताया कि उन्होंने स्टेट बैंक के बाद से लेकर रेलवे स्टेशन तक कुछ स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज निकलवाए हैं। तथा पुलिस को फुटेज दिए हैं। इसमें स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है कि उनके पिता पैदल बैंक की ओर से आ रहे हैं। तथा कैप पहने एक व्यक्ति लगातार उनके पीछे चल रहा है। जिसने बुजुर्गों को गिराकर उनके जेब से रुपए छीनने की घटना को कारित किया है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## रायशुमारीः पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जिला अध्यक्ष के लिए की चर्चा, लिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाए गए पर्यवेक्षक अजय राय मैं माखन नगर ब्लॉक के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की बंद कमरे में कार्यकर्ताओं से समूह एवं व्यक्ति मिलकर चर्चा की एवं सुझाव लिए। संगठन सर्जन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने सीनियर नेताओं को पर्यवेक्षक बनाकर प्रत्येक जिले मे भेजा जो जिला अध्यक्ष की नियुक्ति लिए कार्यकर्ताओं से चर्चा कर सुझाव ले रहे है। पर्यवेक्षक अजय राय के साथ अवधेश सिसोदिया भूपेंद्र सिंह मोहासा एवं पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे भी कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी काफी उत्साहित दिखाई दिए। जिला अध्यक्ष के लिए समर्थक कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी पसंद लिखित और मौखिक रूप से पर्यवेक्षकों को बताई है। जिला अध्यक्ष लिए जो नाम सामने आए हैं उसमें गुड्डन पांडे पूर्व जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र गोयल रणवीर पटेल महेंद्रशर्मा यशवंत राजपूत बाबू चौधरी प्रमुख है रायशुमारी की बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र मुराड़िया संजय गिल्ला सहित माखन नगर ब्लॉक वरिष्ठ कांग्रेस जन पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## साहित्यिक अधिवेशन में कवि स्व पं. सहारिया को मिला स्थान

**सोहागपुर।** इन दिनों ग्वालियर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद का प्रांतीय अधिवेशन जारी है। जिसमें मध्य भारत प्रांत के दिवंगत कवियों के युवाओं से परिचय के लिए प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें सोहागपुर के ख्यात कवि स्वर्गीय पंडित राजेंद्र सहारिया को ससम्मान स्थान दिया गया है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव, महामंत्री आशुतोष शर्मा, अधिवेशन संयोजिका डॉ. नुसरत मेहंदी एवं नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष सौरव यादव सूर्य ने बताया कि मध्य भारत प्रांत के ख्यात दिवंगत कवियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है। सौरभ यादव ने बताया कि हमारे जिले से पं. माखनलाल चतुर्वेदी एवं सोहागपुर निवासी पं. राजेंद्र सहारिया के चित्र व विवरण प्रदर्शनी में सज्जित किए गए हैं।




अखिल भारतीय साहित्य परिषद का आदर भाव है। पंडित राजेंद्र सहारिया देश में बुंदेली कवि के रूप में ख्यात रहे।

प्रदर्शनी में पंडित राजेंद्र सहारिया सहित देश के ख्यात दिवंगत कवियों के चित्र सजाए गए हैं। जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, परशुराम शुक्ल, कैलाश नारायण सोनी, गिरिजा कुमार माथुर, बैजू बावरा, महाकवि भवभूति, माखनलाल चतुर्वेदी, श्री कृष्ण सरल, श्री भाऊ साहब भुस्कुटे, महादेवी वर्मा, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, सुमित्रानंदन पंत, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, सुभद्रा कुमारी चौहान, बटुक चतुर्वेदी आदि कवियों के नाम सम्मिलित हैं।

## उद्यानिकी विभाग रायसेन के दल ने समझी प्राकृतिक खेती की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर क्षेत्र के प्राकृतिक खेती गुरू सुभाष पटेल के कृषि फार्म पर लगातार कृषि विज्ञान के विद्यार्थी प्रशिक्षण लेने आते हैं। इसी क्रम में अब सरकारी विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी भी प्राकृतिक खेती प्रक्रिया समझने के लिए सुभाष पटेल के मनोहर कृषि फार्म पर आते हैं। गत दिवस रायसेन जिले के उद्यानिकी विभाग का दल सोहागपुर पहुंचा। जहां दल में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कृषक सुभाष पटेल ने प्राकृतिक खेती के तरीकों एवं लाभ बावत बताया। सुभाष पटेल ने बताया कि उद्यानकी व खाद्य प्रसंस्करण विभाग रायसेन का दल राज्य प्रशिक्षण योजना अंतर्गत सोहागपुर पहुंचा। उद्यानकी विभाग के अधिकारी अभिनव नेमा गैरतगंज एवं गोलू नागर सिलवानी के मार्गदर्शन में किसान सोहागपुर स्थित मनोहर नेचुरल कृषि फार्म पहुंचे। जहां पटेल ने किसानों को प्राकृतिक खेती अंतर्गत उद्यानकी, फसलों एवं सब्जियों की प्राकृतिक खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया। पटेल ने यह भी बताया कि मिश्रित खेती कैसे करना चाहिए।

पटेल ने सांची, गैरतगंज, सिलवानी, बेगमगंज, मनकापुर, उदयपुरा व रायसेन के किसानों को प्राकृतिक तरीके से मूंग उत्पादन तथा कम लागत में अधिक उत्पादन की जानकारी दी। उद्यानकी व सब्जी उत्पादन, हल्दी उत्पादन, मिश्रित खेती, प्राकृतिक खाद के बारे में भी बताया गया।

### गायत्री परिवार की ज्योति कलश रथ यात्रा का किया स्वागत



**सोहागपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार द्वारा ज्योति कलश रथ यात्रा मध्य प्रदेश भोपाल जोन से शुरू की गई थी। यह यात्रा जिला मुख्यालय नर्मदापुरम होते हुए शनिवार को सोहागपुर पहुंची। जहां शंभू दरबार पलाश परिसर में गृहस्थ संत पं. प्रकाश मनमोहन मुद्गल तथा शम्भू भक्त मंडल व आमजनों ने मां गायत्री एवं ज्योति कलश का पूजन अर्चन किया। यह पूजन कार्यक्रम पं. गौरीशंकर के आचार्यत्व में किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार से राजकुमार शास्त्री काशी, एचपी मांधाता, रतन सराठे, आशुतोष, प्रतिभा साहू, पवन जायसवाल, देवांशु शर्मा, अखिलेश मालवीय व पलाश परिसर से शंकर सिंह चौहान, नीरज रघुवंशी, राजपाल रघुवंशी आदि उपस्थित थे।

### श्रीराम कथा में सुनाई श्रीराम-जानकी विवाह की कथा



**सोहागपुर।** नगर के देनवा गार्डन में जारी श्रीराम कथा में शनिवार को सीता व राम विवाह प्रसंग का वाचन हुआ। कथाव्यास पं. तरुण तिवारी ने सीता स्वयंवर और प्रभु श्रीराम के धनुष उठाने वाले दृश्य का वर्णन किया। अयोध्या से मिथिला तक बारात यात्रा व बारात सत्कार पर कथा सुनाई गई। व्यास जी ने कहा कि पूजा में भाव की महत्ता होती है तथा प्रभु अपने भक्त के भाव को देखते हैं। यदि हम राम को पाना चाहते हैं तो वे हमें अनुराग से प्राप्त होंगे। प्रभु की छवि को ही मन में बसाना होगा। कथा के विश्राम पर सीताराम विवाह उत्सव मनाया गया। जिसमें सीताराम जी की झांकी का दर्शन समस्त श्रद्धालु ने किया। कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से प्रारंभ होती है।

## विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का हुआ शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नर्मदापुर जिले का जिला अभ्यास वर्ग का हुआ शुभारंभ। उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी ने बताया कि संगठन तंत्र एवं रीति का ज्ञात कराने हेतु अभ्यास वर्ग लगाए जाते हैं।

विश्व हिंदू परिषद नर्मदापुर जिले का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग स्थानीय श्री राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर में कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर पूज्य संत मनीषानंद महाराज पूज्य आचार्य पुनीत दुबे विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह मंत्री जितेंद्र सिंह चौहान प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख भंवर सिंह शेखावत प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर जिला अध्यक्ष डॉ सुभाष दुबे आदि अतिथियों ने संगठन पद्धति श्री राम विजय महामंत्र कर भगवान श्री राम चंद्र जी की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। अभ्यास वर्ग उदघाटन कार्यक्रम में आशीष वचन पूज्य संत मनीषानंद महाराज ने कहा कि हिंदू समाज के सम्मान की लड़ाई विश्व हिंदू परिषद लड़ता हे इस जिला अभ्यास वर्ग से हम प्रशिक्षित होकर देश धर्म के लिए कार्य में लगे पूज्य आचार्य पुनीत दुबे ने कहा कि हिंदू धर्म पर जिस गति से विधर्मी मेलेच्छो के अत्याचार बढ़ रहे हैं हम सभी को इनका प्रतिकार करने लगना होगा।

जिला अभ्यास वर्ग में प्रांत सह मंत्री जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जब विश्व में हिंदू अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहा था जब इस देश की सरकार हिंदू जन भावना का दमन कर रही थी तब इस देश के पूज्य संतों के मार्गदर्शन में 1964 में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई अपने स्थापना काल से ही हिंदू धर्म संरक्षण एवं मान बिन्दुओं की रक्षा करते है।

### पचमढ़ी, सोहागपुर, माखननगर, सिवनीमालवा सहित जिले भर में मनाया गया 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# पचमढ़ी के सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी धूपगढ़ पर योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी, धूपगढ़, पर एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चारों ओर फैली हरियाली, बादलों से ढकी वादियां और ठंडी, ताज़ी हवा... ऐसे में योग करने का अनुभव अपने आप में अद्वितीय था। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों के साथ-साथ विभिन्न शहरों से आए पर्यटकों और योग गुरुओं ने भाग लिया। सूर्य नमस्कार से लेकर प्राणायाम और ध्यान तक, सभी आसनों का अभ्यास पूरी एकाग्रता और उत्साह के साथ किया गया। प्रतिभागियों के चेहरे पर संतोष और आनंद का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम का आयोजन सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पचमढ़ी विभाग द्वारा कराया गया।






### महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**माखननगर।** माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में संपूर्ण महाविद्यालय परिवार व छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण में योग अभ्यास किया। योगाभ्यास के पूर्व योग प्रशिक्षक शंकर मांझी का प्राचार्य व समस्त स्टाफ ने स्वागत कर सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं दी।

### पीएम श्री विद्यालय में मना योग दिवस



माखन नगर 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षा विभाग एवं आयुष विभाग के सयुक्त तत्वाधान से पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागरा तवा में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में श्री अभिषेक छाबड़ा जी के द्वारा योगासन कराकर योग के लाभ के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे सरपंच विशाल मालवीय. उप सरपंच शरमेश यादव, जन प्रतिनिधि शआलोक अग्रवाल आदि शामिल रहे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मनाया गया योग दिवस




**सिवनी मालवा।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवपुर परिसर मे डॉ सुरेन्द्र कौशल आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम करवाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि सन्देश यादव की उपस्तिथि मे कार्यक्रम हुआ, सर्वप्रथम धन्वंतरि पूजन किया गया, वृक्षारोपण किया गया, प्रधानमंत्री जी के उदबोधन को सुना गया तत्पश्चात योग किया गया।

### लीनेश क्लब ने योग क्रिया कर मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



सोहागपुर। लीनेश क्लब सोहागपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार की सुबह आयोजन किया गया है। योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन अर्चना खंडेलवाल के निवास पर किया गया। जिसमें क्लब अध्यक्ष कल्पना रघुवंशी, सचिव नंदनी साहू, कोषाध्यक्ष शालिनी चौहान, संगीता खनूजा, अर्चना खंडेलवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष शशि मालवीय, क्षमा दीवान, वृंदा अग्रवाल, स्मृति अग्रवाल, राजो मालवीय, विद्या आदि ने अभ्यास किया।

## खबर संक्षेप

### सवा किलो गांजा के साथ पकड़ाया आरोपी

**हरदा।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को सवा किलो गांजा के साथ पकड़ा है। पकड़े गए गांजा की कीमत करीब 25 हजार रुपए आंकी गई है। सिटी कोतवाली थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। इस पर पुलिस ने ग्वाल नगर निवासी राहुल उर्फ संजू नाई को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया। टीआई प्रह्लाद सिंह मर्सकोले के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले से चोरी और मारपीट के 13 मामले दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मेहनत-मजदूरी से उसकी जरूरतों के मुताबिक आय नहीं हो पा रही थी। इसलिए उसने जल्दी पैसा कमाने के लिए यह रास्ता चुना। उसने पास के एक गांव से गांजा खरीदा और फुटकर में बेचना शुरू किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इस कार्रवाई में एसआई रिपुदमन सिंह राजपूत, हेड कांस्टेबल तुषार धनगर, आरक्षक वीरेंद्र राजपूत, संजू चौहान, सैनिक संतोष ओझा और सूरज पासी की टीम शामिल थी।

### थाना प्रभारी का बजरंग दल ने किया सम्मान

**सीहोर।** थाना इछावर आने पर थाना प्रभारी  पंकज सिंह का बजरंग दल प्रखंड समरसता प्रमुख इच्छावर के सौरव मकरैया के नेतृत्व में बजरंग दल के कार्यकर्ता धर्मेंद्र कुशवाहा, मंजीत माहेश्वरी, मोंटी राजपूत, लखन ठाकुर द्वारा शाल श्री फल भेट कर स्वागत शुभकामनायें प्रेरित की। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई भी सहायता होगी में तत्पर करूँगा और क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि ऐसा कोई कार्य ना करें जिस से आपको और हमको परेशानी का सामना करना पड़े सौरव ने कहा की क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर थाना प्रभारी तत्परता से कार्रवाई करेंगे।

### नशीला पदार्थ बरामद दुकानदार गिरफ्तार

**सीहोर।** भैरूंदा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 6 हजार रुपये कीमत का 350 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम कृषि उपज मंडी में हुआ संपन्न

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर जिले के लोगों ने किया सामूहिक योग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर शनिवार को एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग की थीम पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मण्डी प्रांगण हरदा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष भारतीय राजू कमेड़िया, कलेक्टर सिध्दार्थ जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला पंचायत की सीईओ सविता झानिया व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक व विद्यार्थीगण ने भी योगाभ्यास किया। इस कार्यक्रम में विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन व भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। योग दिवस के अवसर पर जिले के प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर चारूवा में भी सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किया गया।

#### सह विधिक साक्षरता कार्यक्रम

जिला जेल हरदा में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सह विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में बंदियों ने विभिन्न योगा आसनों का अभ्यास किया, तथा योग शिविर के बाद बंदियों को उनके अधिकारों, नालसा की विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी गई। शिविर में सहायक जेल अधीक्षक मनीषा यादव, डिप्टी एलएडीसी अनीस मोहम्मद खान उपस्थित रहे।

#### कृषि विज्ञान केंद्र में योग दिवस मनाया

कृषि विज्ञान केंद्र में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हार्टफूलनेस संस्था हरदा से डॉ. राजेश पटेल, संतोष राठौड़ एवं विनोद फूलरे ने योग एवं आध्यात्म का जीवन में महत्व और इसके लाभों की जानकारी दी तथा प्रशिक्षणार्थियों को मेडिटेशन कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षणर्थियों ने विभिन्न प्रकार के योग अभ्यास किये। इस अवसर पर सभी जनों को शपथ दिलाई गई कि प्रतिदिन योग एवं ज्ञान को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनायेंगे एवं स्वयं समाज और विश्व को स्वस्थ रखने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर वैज्ञानिक सुश्री जागृति बोरकर, डॉ ओम प्रकाश भारती, डॉ मुकेश कुमार बंकोलिया, प्रमोद प्रसाद पटवार आदि उपस्थित थे।

#### स्वास्थ संस्थाओं में हुए योग कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले की स्वास्थ संस्थाओं में भी सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किये गये। हरदा में स्वास्थ्य विभाग के डीई आई सी भवन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. कमलेश गौड़, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र ठाकुर, डॉ. आयुषी गुप्ता डॉ. मोनू चौरे, संजय खरकर, राजेश पटनी, संतोष कोगे सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अलावा हरदा के मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक फाईल वार्ड तथा विकास नगर सहित जिले की स्वास्थ संस्थाओं में योग सत्र का आयोजन किया गया।

### न्यायालय परिसर में किया योग



जिला न्यायालय परिसर, हरदा में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन एवं  विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में योग प्रशिक्षक गणेश विश्नोई ने उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण व न्यायालयीन कर्मचारियों को अनुलोम-विलोम, शीर्षासन, प्राणायाम, भ्रामरी, हलासन, उष्ट्रासन, तथा सूर्य नमस्कार आदि विभिन्न आसनों की जानकारी दी तथा आसनों की क्रियाविधि का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुधीर चौधरी ने भी एडवांस मेडीटेशन का प्रशिक्षण दिया तथा सभी को प्रतिदिन योग करने की सलाह दी। योग शिविर में विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह ने बताया कि योग मन को शांत करता है, जब भी आपका मन विचलित हो योग का सहारा ले। उन्होंने बताया कि इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ह्यएक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योगह्न की थीम पर मनाया जा रहा है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना है। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि योग के जरिए ही जीवन को निरोग रखा जा सकता है। नियमित योग करने से शरीर पुष्ट होता है और कई तरह की बीमारियां खत्म होती है। उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों को प्रतिदिन आधे घंटे नियमित योग कराने की सलाह दी। सचिव श्री राठौर ने इस अवसर पर उपस्थितजनों को योग दिवस के उपरांत नालसा की योजनाओं, विधिक सहायता योजना, नालसा टोल फ्री नंबर 15100 एवं अन्य विधिक जानकारी दी। जिला न्यायाधीश तनवीर अहमद, निसार अहमद, निमीष राजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह, न्यायाधीशगण सचेन्द्र भदकारिया, प्रेमदीप शाह, संजीव रहांगडाले, काजल पटेल, जिला अधिवक्ता संघ हरदा के अध्यक्ष संजय शांडिल्य, अन्य अधिवक्तागण, डिफेंस काउंसिल्स, न्यायालयीन कर्मचारीगण, पैरालीगल वॉलेंटियर उपस्थित रहे।

### मारवाड़ी महिला मंडल ने समता भवन में सामूहिक योगाभ्यास किया

*खिरकिया। अभा वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई तथा मारवाड़ी महिला मंडल ने संयुक्त रूप से शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्थानीय समता भवन में सामुहिक योगाभ्यास किया गया।इस दौरान महिलाओं ने प्राणायाम के मुख्य सात प्रकारों भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उज्जायी, शीतली, और शीतकारी का अभ्यास किया। वैश्य समाज की जिला प्रभारी एवं योग ट्रेनर श्रीमती कल्पना हेड़ा ने कहा कि प्रत्येक प्राणायाम के अपने विशिष्ट लाभ हैं, जो प्राणायाम योग को समग्र स्वास्थ्य के लिए एक बहुमुखी अभ्यास बनाता है। उल्लेखनीय है कि समता भवन में महिलाओं द्वारा विगत एक सप्ताह से लगातार योगाभ्यास किया जा रहा है। योगाभ्यास करने वालों में ममता जैन, उषा जैन, कल्पना हेड़ा, ममता वर्मा, पुष्पा कोचर, सुनिता सांड, भारती शर्मा, उषा मेहता, नीता अग्रवाल, सीमा जैन, ज्योती निलोसे, विजया राका, विनिता जैन, सुनिता रेदासनी, प्रीति  अग्रवाल, सोना शर्मा, कृष्णा सोनी, पिंकी गुप्ता, स्मिता सोनी, प्रिया अग्रवाल, माधुरी काबरा, छमा ठाकुर, सुनिता तोषनीवाल, अंकिता माहेश्वरी आदि शामिल थी।*

## शराब के अवैध परिवहन को लेकर तीन गांवों में वर्चस्व के दावों से संघर्ष के आसार

### सीमावर्ती गांवों में दहशत का माहौल, अनहोनी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

इन दिनों तीन गाँवों गोराड़िया,इगरिया और छिल्टिया में शराब के कथित अवैध परिवहन के वर्चस्व को लेकर संघर्ष के आसार बढ़ रहें हैं। जिससे झिरन्या और भीकनगांव के शराब ठेकेदारों द्वारा उक्त गाँवों पर अपने-अपने दावों से उनमें तनाव बढ़ रहा हैं। फलस्वरूप सीमावर्ती गाँवों में दहशत का माहौल निर्मित हो रहा है और वे किसी अनहोनी की आशंका से चिंतित हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को गोराड़िया के कतिपय युवकों ने ग्राम खोई (झिरन्या) में आकर शराब के परिवहन को रोककर चैनपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस मामले में आबकारी एक्ट की धरा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर 61 लीटर लीटर अंग्रेजी शराब और शिवना के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे उनमें आपसी-संघर्ष की संभावनाओं के मद्देनजर कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौती बन रहें हैं।

#### गांव-गांव पहुंच रही शराब

मध्यप्रदेश-सरकार ने निर्धारित देसी एवं विदेशी शराब दुकानों से ही विक्रय का प्रावधान किया है और अहाते भी बंद कर दिए हैं। जबकि अवैधानिक  रूप से परिवहन कर शराब का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में सख्त-कार्रवाई के लिए आबकारी एवं पुलिस विभाग को पर्याप्त अधिकार दिए गए हैं। लेकिन प्रत्येक शासकीय दुकानों से एक-डेढ़ दर्जन परिवहनकर्ता मोटर सायकलों से गाँव-गाँव और फालियों तक पहुंचते हैं। जहां वे किराना दुकानों और अन्य निर्धारित स्थानों पर शराब परिवहन कर ले जाते हैं,जहां से शराब का अवैध रूप से विक्रय होता है।



#### सीमावर्ती क्षेत्रों से हो रही कालाबाजारी

इस आदिवासी अंचल की दक्षिणी सीमा महाराष्ट्र एवं बुरहानपुर से और अन्य सीमाएं पंधाना,छैगांव माखन,भीकनगांव,खरगोन,भगवानपुरा तहसील क्षेत्र से सटी हुई है। इन सीमाओं से झिरन्या अंचल में दुपहियां और चार पहियाँ वाहनों से परिवहन से अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा हैं। यहाँ तक कि इंदौर या अन्य इलाकों से भी शराब माफिया यहाँ आसानी से शराब विक्रय कर लौट जाते हैं। यह क्षेत्र शराब के अवैध कारोबार के लिए सुरक्षित है,इसलिए यहाँ सीमावर्ती क्षेत्रों से शराब की कालाबाजारी बदस्तूर जारी है।

#### क्या सिंडिकेट का खौफ है?

शासकीय देसी एवं विदेशी शराब दुकानों पर कथित बलात कब्जे के बाद आबकारी विभाग में सिंडिकेट शब्द खूब चर्चित हुआ था। लेकिन क्या सिंडिकेट का खौफ अभी भी कायम है? आखिर, वे कौन लोग हैं,जो सिंडिकेट का खौफ बरकरार रखना चाहते हैं और ग्रामीणों को इसका खौंफ बताकर गांव-गांव शराब भेज रहे हैं? गौरतलब है कि नए वित्तीय-वर्ष में तथाकथित सिंडिकेट और उनके बाउंसर काफी चर्चित हुए थे। इस दौरान उन्होंने मान न मान हम तेरे मेहमान की तर्ज पर शराब दुकानों के मालिक बन बैठे थे। ये बिन बुलाये मेहमान शराब दुकानों से शराब-विक्रय कर रहे थे। जबकि सरकार के खजाने में करोड़ों रुपये जमा करने के बाद भी ठेकेदार और उनके कर्मचारी बाहर हो गए थे। अंततः उनकी 21 अप्रैल से विदाई हो गई और अब पुनः ठेकेदार अपनी चार शराब दुकानें संचालित कर रहें हैं। इनमें यहाँ दो दुकानें पेट्रोल पम्प के पास,इंदिरा कालोनी, चिरिया और सीमा से सटी ग्राम सतवाडा (भीकनगांव) में है।

#### इनका कहना है

*पुलिस द्वारा शराब के परिवहन और अवैध-कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर सख्त है और शुक्रवार को भी ऐसे ही मामले में कार्रवाई की गई है। यदि कहीं कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जावेगी।*

**नाथूसिंह रंधा,** *थानाप्रभारी,चैनपुर*

*इस क्षेत्र में शराब के कारोबार में सिंडिकेट शब्द का कहीं कोई  स्थान नहीं है। यहाँ शासन द्वारा लाइसेंसी ही देसी-विदेशी शराब दुकानों का संचालन कर रहें हैं। यदि कहीं शराब के अवैध परिवहन और विक्रय के विरुद्ध शिकायतें मिलती है तो आबकारी विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जावेगी।*

**सचिन भास्करे,**
*निरीक्षक आबकारी विभाग झिरन्या*

## सरपंच ने लगाए आरोप : सचिव नहीं करता कोई काम, सचिव का कहना सरपंच पति का दखलअंदाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा/बालागांव

ग्राम पंचायत बालागांव में विकास कार्य पूरी तरह रुका हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बाद भी अभी तक कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। उधर सरपंच और सचिव का सामंजस्य नहीं बैठने से लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि मूलभूत विकास कार्य में जैसे नाली सफाई, स्ट्रीट लाइट, मार्गो में फूटे हुये रोड की रिपेयरिंग का कार्य पूरी तरह बंद है।

प्राइमरी स्कूल की दीवार टूटी हुई है जिसको लेकर भी पूर्व में शिकायत हो चुकी, लेकिन समाधान नही हुआ। मुख्य मार्गो पर स्ट्रीट लाइट न होने से ग्रामीण परेशान हैं। मुख्यमार्ग पर जगह जगह पानी भरने से कीचड़ फैल रहा है। पूर्व हुई ग्राम पंचायत बालागांव की चौपाल मे सचिव की शिकायत ग्राम पंचायत के ग्रामीण द्वारा की गई थी। इसके चलते कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा ग्राम पंचायत सचिव को 15 दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए इसके बावजूद भी पंचायत में अभी कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है।



#### मुक्तिधाम पड़ा वीरान

ग्राम पंचायत द्वारा बनाया गया मुक्तिधाम खंडहर हो रहा है। पिछले कुछ सालों से बारिश में लोहे की जलियां से बनी हुई बाउंड्री टूटने के कारण वीरान पड़ा हुआ है। सरपंच का कहना है कि लगातार पंचायत सचिव को बोलने के बाद भी वह वहां पर कोई विकास कार्य नहीं कर रहा है।

#### इनका कहना है

*सचिव को लगातार बोलने के बाद भी वह कोई निर्माण कार्य नहीं कर रहे हैं। स्ट्रीट लाइट को लेकर भी डेढ़ लाख के वाउचर पर साइन करा कर ले गए, मगर कितने लाइट लगे है कोई जानकारी नहीं। मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण के लिए भी बार-बार बोलने पर कोई कार्य नहीं किया जा रहा है।*

*क्षमा सेजकर, सरपंच बालागांव*

*ग्राम में लगातार निर्माण कार्य चल रहे है जो राशि स्ट्रीट लाइट के लिए निकली थी। उसमें 30 लाइट लग चुके है साथ ही कुछ लाइट फ्यूज होने के कारण वहां पर बदले गए है मुक्तिधाम के सुंदरीकरण को लेकर इंजीनियर द्वारा नाप ले लिया गया है जल्दी उसका कार्य कराया जाएगा । साथी सरपंच और सचिव के आपसी मतभेद में सचिव का कहना है कि सरपंच पति का दखलअंदाज करना ही लड़ाई का कारण है।*

**अमित सैनी,** *ग्राम पंचायत सचिव बालागांव*

## भागदौड़ और तनावपूर्ण जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने का सबसे आसान उपाय है योगः चौबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ज़िला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर संदीपनी स्कूल परिसर में दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम अधिकारियो, जनप्रतिनिधियों मातृ शक्तियो सहित बड़ी  संख्या में नागरिकों ने योग एवं प्राणायाम, किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भैरूंदा तहसील सहित पंचायत मुख्यालयों पर योग एवं प्राणायाम के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम मे जन-प्रतिनिधिगण, स्वंयसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं योग संस्थाओं, अधिकारी-कर्मचारियों एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग और प्राणायाम किया। संदीपनी स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में  योग शिक्षक रामनारायण चौबे ने कहा भागदौड़ और तनावपूर्ण जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने का सबसे आसान उपाय है।  कार्यक्रम में शामिल बड़ी संख्या में लोगों द्वारा योग एवं प्राणायाम किया। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मातृ शक्तियों ने योग के विभिन्न आसनों के साथ प्राणायाम ध्यान,  हास्य व्याम किया।



## विश्व योग दिवस पर कैदियों ने किया प्राणायाम, योगासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भैरूंदा की सबजेल में प्रणायाम व योग का आयोजन किया गया। एडीजे मैडम उषा तिवारी,  योग गुरु लोकेश नागर की विशेष उपस्थिति में सैकड़ो कैदियों और सब जेल स्टाफ ने जेल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस  मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व 'एडीजे मैडम उषा तिवारी किया। योग गुरू लोकेश नागर द्वारा कैदियों को ध्यान, प्राणायाम और योग की विभिन्न विधियों का प्रशिक्षण दिया। सभी बंदियों को योगभ्यास कराया। एडीजे उषा तिवारी ने बताया कि योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना जरूरी है।  जेल में नियमित रुप से योग, प्राणायाम आयोजन हों।  इन तकनीकों से मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन और बेहतर नींद जैसे अनेक लाभ मिलते हैं।जेलर जितेन्द्र अंबुलकर ने बताया विश्व योग दिवस के इस कार्यक्रम कैदियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के सुधारात्मक गतिविधियों में रुचि दिखाई। इस पहल को कैदियों के मानसिक और आत्मिक विकास की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।